## सार-समाचार

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 25 को

**मदनगंज-किशनगढ,(निस)।** लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से 25 जनवरी को सूरज देवी सभागार में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन होगा। सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोज्य शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर सेवाएं देंगे। अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि रोगी को अपने साथ आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी, एक जोडी ड्रेस, दवा पर्ची साथ मे लानी होंगी।सचिव रमाकांत काबरा, संयोजक मुकेश गोयल व महेंद्र नाहर ने बताया कि निशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त पाए जाने पर रोगी को प्रत्यारोपण के लिऐ जयपुर ले जाया जाएगा, जिसमे रोगी के लिये नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के साथ बस व्यवस्था, भोजन सहित सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क होगी

### मेगा पीटीएम व मेले का आयोजन

**अजमेर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार बसंत पंचमी पर्व के पावन अवसर पर शुक्रवार को जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने बच्चों की शैक्षिणक प्रगति, अधिगम स्तर एवं सर्वांगीण विकास की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही जिले के सभी पीईईओ विद्यालयों में कक्षा एक से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए निपुण मेला आयोजित किया गया। कृष्ण भोग का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर से वर्चुअली सम्बोधित किया। अजमेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे। इस उपलक्ष में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जिला कलक्टर लोकबंधु सहित जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन

**मसूदा।** ग्राम पंचायत बेगलियावास में भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन सहायक शिविर प्रभारी रामकरण मीणा के निर्देशन में किया गया।शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा 30 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। साथ ही आठ किसानों के मोबाइल में फसल बीमा योजना का अनुप्रयोग डाउनलोड कराया गया तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। राजस्व विभाग की ओर से चार नामांतरण शुद्धि प्रकरण एवं एक रास्ते का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। डेयरी विभाग द्वारा 20 नए सदस्य पंजीकृत किए गए। पंचायत राज विभाग ने शेरगढ़ ठाम में 50 तथा बेगलियावास ठाम में 60 स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में बेगलियावास प्रशासक महेंद्र सिंह रावत, शेरगढ़ प्रशासक देशराज चौधरी, तारा सिंह, विजय नारायण सोनी, ठाम विकास अधिकारी बृजेश व्यास, कनिष्ठ सहायक गणेश राम चौधरी, भू-अभिलेख निरीक्षक सत्यनारायण बेरवा, पटवारी राजू राम परसोइया, रेखा गोस्वामी, कुलदीप गोस्वामी, कृषि पर्यवेक्षक कल्याण मल रेगर, पशुधन सहायक पंकज प्रजापति सहित शिवराज चौधरी, मिश्रीलाल चौधरी, सुरेश शर्मा, सुनील प्रजापत एवं विक्रम चौधरी उपस्थित रहे।

### फर्जी आपत्तियों पर कांठोस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांठोस प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन को पत्र लिखकर मतदाता सूची में फर्जी आपत्तियों के माध्यम से नाम हटाने के प्रयासों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। रलावता ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के बूथ लेवल एजेंटों द्वारा राजनीतिक उद्देश्य से कांठोस पदाधिकारियों एवं मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों के वैध मतदाताओं के नाम हटाने हेतु फर्जी आपत्तियां प्रस्तुत की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मताधिकार की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और किसी भी प्रकार का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए घातक है।उन्होंने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का सत्यापन एवं प्रारूप प्रकाशन के बाद इस प्रकार की आपत्तियां निरर्थक हैं। फॉर्म नंबर 7 की सत्यता की जांच के पश्चात ही नाम हटाए जाएं तथा झूठी आपत्तियां पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।उन्होंने बताया कि 15 जनवरी 2026 तक कुल 5485 फॉर्म नंबर 7 जमा हुए, जबकि 16 से 19 जनवरी के बीच 1277 नई आपत्तियां दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों से संबंधित हैं।

### राजस्थान संपर्क पोर्टल पर नई सुविधा

अजमेर। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान संपर्क शिकायत निवारण पोर्टल पर नागरिकों की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई सुविधा प्रारंभ की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग दिनेश कुमार ने बताया कि अब निस्तारित शिकायतों की एटीआर व्हाट्सएप के माध्यम से भी सीधे शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाएगी। शिकायत के निस्तारण के पश्चात संबंधित एटीआर का लिंक व्हाट्सएप पर भेजा जाएगा।

# बसंत पंचमी पर भारत विकास परिषद की सराहनीय पहल

**नसीराबाद।** भारत विकास परिषद शाखा नसीराबाद द्वारा बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर स्थानीय मेजर कमलेश राजकीय केंट एरिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती का नमन कर विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती भी मनाई गई। उपस्थित वक्ताओं ने नेताजी के जीवन, उनके साहस, त्याग और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर परिषद के सदस्य एवं भामाशाह सी ए मुकेश ख्यानी द्वारा विद्यालय के लिए 10 प्लास्टिक कुर्सियाँ भेंट की गईं। साथ ही प्राथमिक कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल आदि शैक्षणिक सामठी वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ भारत विकास परिषद के अजमेर जिला समन्वयक अमित चौकड़ीवाल, शाखा अध्यक्ष रवि सोनी, सचिव चंद्रप्रकाश बंसल, भामाशाह सी ए मुकेश ख्यानी, बंशीलाल कुमावत सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# आरपीएससी कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

- **अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली लोकतंत्र की शपथ**

**अजमेर,।** राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

आयोग सचिव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। इसी क्रम में निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार आरपीएससी कार्यालय में 23 जनवरी को सुबह 11 बजे शपथ ठाहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्मिकों ने यह संकल्प लिया कि वे लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए बिना किसी भय, प्रलोभन, धर्म, जाति, वर्ग, भाषा अथवा समुदाय के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# नवपंख संस्था द्वारा राजकीय विद्यालय में बसंत पंचमी कार्यक्रम का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** नवपंख संस्था द्वारा 23 जनवरी 2026 को ट्राम्बे राजकीय विद्यालय में बसंत पंचमी पर्व बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, ज्ञान एवं रचनात्मकता के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

एक प्रतिभाशाली छात्र द्वारा कहा गया कि लक्ष्मी की चोरी हो सकती है परंतु सरस्वती की नहीं इसलिए हमें संतानों को शिक्षित करना जरूरी है ।मां सरस्वती का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे तो हम स्वत: ही धनवान बन सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने बसंत पंचमी के महत्व को दर्शाते हुए सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियां व पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी कार्यक्रम की सराहना की तथा बच्चों को ऐसे आयोजनों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नवपंख संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करते हैं।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदर्शनी का शुभारंभ

- **विधानसभा अध्यक्ष ने की कारीगरों के उत्पादों की खरीद**

**अजमेर,।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अजमेर के अरबन हाट में आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी एवं सह-व्यापार मेले का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा किया गया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर विश्वकर्मा कारीगरों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, औजार, परिधान एवं अन्य उत्पादों की खरीद कर कारीगरों का उत्साहवर्धन किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से परंपरा को प्रगति से जोड़ते हुए कारीगरों को आधुनिक बाजार से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाने से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहती है, बल्कि कारीगरों की आजीविका भी सुदृढ़ होती है। योजना के अंतर्गत 18 श्रेणियों के पारंपरिक कामगारों को कम ब्याज दर पर ऋण, आधुनिक टूल किट, प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान की जा रही है।

# अवैध ब्राउन शुगर बरामद

**डूंगरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत् पुलिस नाकाबंदी के दौरान संदिग्धों को रोक कर तलाशी के दौरान एक स्कूटी पर जा रहे तीन युवकों से ब्राउन शुगर बरामद किया। मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर बीती रात को दोवडा तिराहे पर नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबर की स्कूटी को रोक कर जब पूछताछ करने लगे तो वह घबरा गए।

**आम सूचना** सम्पत्ति प्लॉट संख्या 5, आदर्श नगर, वुल प्रेस कॉलोनी, अजमेर रोड, ब्यावर के दक्षिण पूर्वी हिस्से जिसका माप 148 वर्गगज है को श्री इंद्र चंद मंगल द्वारा अपने दामाद श्री दिनेश कुमार गुप्ता को जरिए पंजीकृत दान पत्र दिनांक 03/06/1991 द्वारा बकशीश में दिया गया। उक्त असल दस्तावेज गुम है। उक्त संपत्ति के हाल मालिक श्री चिन्मय अग्रवाल व श्रीमती रेखा अग्रवाल इस संपत्ति को गिरवी कर मेरी अभिभाष्य टाटा कैपिटल लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि इस संव्यवहार से किसी व्यक्ति को कोई उज्र हो तो आज से सात दिवस में निम्न व्यक्ति से संपर्क करें।
सौरभ व्यास (एडवोकेट), 9829933141

### बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाई गई

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित सागर कॉलेज एवं मीनू स्कूल में 'लहर कार्यक्रम' के अंतर्गत बसंत पंचमी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ, जिससे परिसर में ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना। कार्यक्रम में नेमीचंद वैष्णव, नानूलाल प्रजापति, तरुण शर्मा, डॉ. बी.एस. शर्मा आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर
Web Site - www.urban.rajasthan.gov.in/ada E-Mail - ajmerada@gmail.com Tel. No. - 0145-2627748, 2627749

**ई-नीलामी में अमानत राशि जमा एवं बोली दिनांक 21.01.2026 से लगाई जा सकती है। भूखण्डों की ई-नीलामी दिनांक 05.02.2026 से 18.02.2026**

35 वेयर हाउस, फार्म हाउस, व्यावसायिक एव रिसोर्ट भूखण्ड
पूर्ण भुगतान के लिए 180 दिवस का समय, 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छूट देय है।

| | | |
|---|---|---|
| 02 पुष्कर वेडिंग डेस्टिनेशन योजना होकरा फार्म हाउस भूखण्ड | 03 पुष्कर वेडिंग डेस्टिनेशन योजना होकरा एवं होकरा-1 रिसोर्ट भूखण्ड | 07 ब्रह्मा एन्क्लेव कानस रिसोर्ट भूखण्ड |
| 03 सूरज कुण्ड रिसोर्ट भूखण्ड | 04 सूरज कुण्ड फार्म हाउस भूखण्ड | 03 सूरज कुण्ड ईकोलोजिकल हाउस भूखण्ड |
| 01 पृथ्वीराज नगर व्यावसायिक भूखण्ड | 07 दौराई व्यावसायिक भूखण्ड | 05 नारेली वेयर हाउस एवं व्यावसायिक भूखण्ड |

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करे:- 6378528215
टोडमरल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर- 305001
राज.संवाद/सी/25/17853

